महत्वपूर्ण एवं खास

सुरेन्द्र कुमार गुप्ता का देहांत

रायगढ़। रायगढ़ शहर के शहीद चौक, जगदंबा आश्रम निवासी स्व शारदा प्रसाद गुप्ता के चौथे पुत्र सुरेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ छोटा गुड्डू

का महज 45 वर्ष की अल्प अवस्था में इलाज के दरमियान रायपुर में आकस्मिक निधन हो गया है। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार, माँ, तीन भाई एक बहन सहित पत्नी एवं 2 बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान जगदम्बा आश्रम से कल दिनांक 6 मार्च को प्रातः 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम कयाघाट के लिए निकलेगी।

बुजुर्ग ने लाठी से पीटकर पत्नी की हत्या की

रायगढ़। वृद्ध पति ने लकड़ी मारकर अपनी पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन वृद्धा को अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही दम तोड़ दिया। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है। घटना जशपुर जिला के ग्राम काडरो की है। मानसाय नागवंशी पिता सन्नूराम नागवंशी उम्र 35 वर्ष ने बताया कि रविवार की रात घर के सबी लोग खाना खा कर सो रहे थे। घर के सामने वाले कमरे में उसकी मां सो रही थी।

रात्रि करीब 2.30 बजे उसके पिता सन्नूराम नागवंशी पिता मंगलूराम ने घर में रखा बैठने का पीढ़ा उठाकर उसकी मां के सिर पर तीन चार वार कर दिया, जिससे उसकी मां छटपटाने लगी और चीख-पुकार सुनकर घर के लोगों ने बीच-बचाव कर सन्नूराम को एक कमरे में बंद किया।

उसके बाद पीड़िता मनमेत बाई को निजी वाहन से लैलूंगा अस्पताल ले आए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पीड़िता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जब सुबह करीब 8 बजे पीड़िता के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, तब डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के दौरान ही मनमेत बाई को मृत घोषित कर दिया।

सगाई समारोह से लौटते समय हादसा में युवक की मौत

रायगढ़। सगाई समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे मोटर साइकिल सवार युवक की सड़क दुघर्टना में मौत हो गई है। जिसमें अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। गिरधर राठिया पिता सहिसराम राठिया उम्र 19 हाटी धरमजयगढ़ का रहने वाला है। जो अपने दादा के साथ जीजा के घर सगाई समारोह में शामिल होने रविवार सुबह गया था। इस बीच शाम को वापस अपने मोटरसाइकिल में दादा गेल्हाराम के साथ आ रहा था। जहां कुडकेला के पास सामने से आ रही मोटरसाइकिल से युवक की मोटरसाइकिल टकरा गई उक्त घटना के बाद दोनों मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गए। परंतु गिरधर मोटरसाइकिल से दूर छिटककर गिरते हुए रोड किनारे आ गया ।

पति से विवाद महिला ने की कीटनाशक सेवन, हालत नाजुक

रायगढ़। शराब के नशे में पति ने पत्नी से झगड़ते हुए मारपीट की इस मारपीट के बाद दोनों मियां बीवी में जमकर विवाद उत्पन्न हो गया। जिसमें महिला ने कीटनाशक सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास की है। जिसे गम्भीर अवस्था मे मेकाहारा भर्ती किया गया है। घसनिन बाई उरांव पिता घुराउ उरांव 40 साल नवापारा कोतरा रोड की रहने वाली है। महिला के परिजन बताये की बीती रात रविवार को महिला का पति शराब सेवन कर वाद विवाद कर रहा था। आये दिन पति घुराउ उरांव के झगड़े लड़ाई से महिला क्षुब्ध थी।

एक लाख से ज्यादा का पेमेंट, बल्क डिपाजिट व मल्टीपल ट्रांसफर की भी जांच

रायगढ़। लोकसभा चुनाव तक जिले के सभी 9 लाख बैंक खातों पर निर्वाचन आयोग व आयकर विभाग विशेष नजर रखेगा। इस दौरान एक लाख से ज्यादा के लेनदेन व एक ही बैंक खाते से विभिन्न बैंक खातों में ट्रासंफर एवं नकद जमा करने पर भी जांच की जाएगी। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने सभी बैंकर्स को निर्देश जारी कर आयकर विभाग को भी अलर्ट कर दिया है।

चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रत्याशियों एवं राजनैतिक पार्टियों द्वारा दिए

जाने वाले प्रलोभन पर रोक लगाने के लिए निर्वाचन आयोग तैयार हो गया है। चुनाव में इस बार पार्टियों के चुनावी खर्च की निगरानी एवं पैसे बांटने की परंपरा पर लगाम कसने के लिए आयोग ने बैंक व आयकर विभाग को संयुक्त जिम्मेवारी दे दी है। निर्वाचन ने सभी बैंकर्स को यह सर्कुलर भेजा है। इसके अनुसार अब सभी बैंक खातों पर आयकर विभाग अपने एवं बैंक के साफ्टवेयर से मानिटरिंग करेगा। चुनाव तक बैंक खाते में एक लाख से अधिक का लेनदेन अब आयकर विभाग एवं निर्वाचन आयोग की निगरानी में रहेगा। इसके अलावा एक ही खाते से विभिन्न बैंक खातों में रूपए ट्रांसफर किए जाने पर या बैंक में एक ही व्यक्ति द्वारा बहुत से बैंक खातों में नकद रूपए जमा कराए जाने पर भी संदिग्ध मानकर जांच की जाएगी। इसके लिए संबंधित बैंक को इस सौदे व लेनदेन की जानकारी भी आयोग एवं आयकर विभाग को अलग से देनी होगी। आयोग ने इस संबंध में आने वाली शिकायतों के लिए आयकर विभाग ने कंट्रोल रूम बनाया है। राजधानी रायपुर के केन्दीय कंट्रोल रूम में आने वाली संदिग्ध लेनदेन की शिकायतों की मानिटरिंग आयकर विभाग के संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारी करेंगे। इसके लिए बैंक , आयोग एवं आयकर विभाग की एक संयुक्त टीम बनाई गई है।

गोंडवाना एक्सप्रेस में यात्री को सोना पड़ा भारी, बैग पार लाखों का लगा फटका

रायगढ़ । गोंडवाना एक्सप्रेस में रायगढ़ से विदिशा जा रहे एक यात्री का गहनों और रूपए से भरा बैग अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। मामले की जानकारी तब हुई जब गाड़ी बिलासपुर पहुंच गई। फिलहाल पीडित यात्री ने मामले में विदिशा जीआरपी में शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। मिली जानकारी के मुताबिक चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के कसेरपारा निवासी गोपाल दास नागायच पिता रघुनंद दास नागायच सोमवार को रायगढ़ से गोंडवाना एक्सप्रेस के एस 1 में सफर कर रहे थे। इसी दौरान वह अपनी सीट पर सो गए। जब ट्रेन सुबह साढ़े पांच के आसपास बिलासपुर पहुंची तो उनकी नींद टूटी। जब उन्होंने अपना बैग खोजना शुरू किया तो वह गायब मिला। जिसके बाद आरपीएफ को चोरी की जानकारी दी गई। हालांकि मामले में यात्री गोपाल दास ने चोरी की शिकायत विदिशा पहुंचने के बाद दर्ज कराने की बात कही है।

लाखो का जेवर बताया बैग में होना

उक्त चोरी के बाद पीडित के बताए अनुसार बैग में 90 हजार के मंगलसूत्र, 90 हजार के सोने के कंगन, 35 हजार की सोने की चूड़ी, 15 हजार की एक अंगूठी, कान की टप 66 सौ सहित नगद 89 सौ रूपए शामिल है। बहरहाल इस मामले में अब तक अपराध दर्ज नही हो पाया है।

ट्रेनों में चोरी पर लगाम नहीं मुस्तैदी कागजो में

गौरतलब है कि एक्सप्रेस ट्रेन से लेकर लोकल ट्रेन में आये दिन चोरी की वारदात अज्ञात चोर अंजाम दे रहे हैं। जिससे ट्रेन में तैनात सुरक्षा कर्मी व आरपीएफ के जवानों की मुस्तैदी कि पोल खोल कर रख दिया है। आरपीएफ पुलिस जवानों की मुस्तैदी नही होने से इसका खामियाजा ट्रेन में सफर करने वाले आम जनता को अपनी मेहनत की कमाई के रूप में चोरों के हाथों गवाना पड़ रहा है।

ट्रक ड्रायवर से मारपीट व ट्रक लूटने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार

रायगढ़। ट्रक ड्रायवर से नगदी रकम की लूट करने और जान से मारने की धमकी देने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वही यह घटना दिनदहाड़े घटित हुआ था जिससे पुलिस महकमे में खलबली मच गई थी। परंतु चालक की सतर्कता व पुलिस की मुस्तैदी से आरोपियो को चंद घन्टो में चक्रधर नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक जूटमिल क्षेत्र निवासी बजरंग ट्रक ड्रायवर जो वाहन चालन के कार्य करता है। बजरंग सारथी पिता छोटे लाल सारथी काशीराम चौक जूटमिल का रहने वाला है। जो धान लोड करने के लिए ट्रक लेकर टारपाली की ओर जा रहा था। इस दौरान लगभग 1 से दो बजे के आसपास रास्ते में सोनू मखीजा व कान्हा ने उसे रोक लिया। इसके पश्चात दोनों नशे की हालत में मारने पीटने लगे और धमकी देते हुए बजरंग के पास रखे 1100 रुपए नगदी रकम को लूट लिया। इसके अलावा दोनों ने पीड़ित का ट्रक भी लेकर भाग गए। बहरहाल दोनों को पीड़ित चालक की सतर्कता से डायल 112 व स्थानीय लोगो ने पकड़ने में सफलता हासिल किये है। पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 394, 34 के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

ट्रक को लूटे और आटो को ठोका

मामले में पीड़ित आरोपी ने पुलिस ने बताया कि उक्त दोनों दोनों आरोपी गोपालपुर के पास लूटपाट की घटना को अंजाम देते हुए ड्राइवर से नकदी व उसकी ट्रक को लूट लिए। वही ट्रक को लूट कर ले जाने लगे लगे जहां नशे में होने के कारण ट्रक का चालक सही तरीके से नहीं कर पाए और सामने से आ रही अटो को ठोकर मार दिए। इसके पश्चात पीड़ित ने स्थानीय लोगों की मदद से घटनास्थल से 1 किलो मीटर की दूरी पर पकड़ा और पुलिस के सपुर्द किया।

श्री पंचमुखी मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व संपन्न

रायगढ़। देवों के देव महादेव भगवान भोलेनाथ का महाशिवरात्रि पर्व धार्मिक आस्था का प्रतीक श्री पंचमुखी हनुमान साईं दरबार एवं सिद्ध पिप्लाक्षय महादेव मंदिर, बूजी भवन में बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया गया।

दिनांक 4 मार्च दिन सोमवार को प्रातः काल से मंदिर के पट 6.30 बजे से खुल कर दूसरे दिन 5 मार्च को दोपहर 12 बजे बंद हुए हैं। आज दिनभर भक्तों का मेला मंदिर परिसर में लगा रहा है, प्रातः 9.30 बजे से भजन मंडली के द्वारा भगवान शिव को प्रिय पंचाक्षरी जाप? नमः शिवाय का जाप प्रारंभ हुआ जो कि 24 घंटे अनवरत जारी रहा जिसका समापन 5 मार्च को सुबह 10 बजे भगवान शिव जी की महाआरती के पश्चात हुआ। श्री पंचमुखी हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार केशरवानी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए मंदिर आने वाले समस्त भक्तों के लिए केला एवं नारियल प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई थी जिसमे आने वाले भक्तों को एक केला और एक नारियल प्रसाद की व्यवस्था प्रत्येक के लिए किया गया था और संध्या 7.30 बजे से भोले बाबा का प्रसाद भांग की ठंडाई जो की 150 किलो दूध एवं मेवा डालकर बनाया गया था जिसको भक्तगण के बीच वितरित किया गया जो कि सभी के द्वारा स्वाद को लेकर सराहा गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं मार्केटिंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विकलांगों के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिटर्न कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल निवासियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480